आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.02.2026 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री-सेवा तीर्थ भवन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण किया। कुछ ही देर में प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 व 2 का औपचारिक उद्‌घाटन भी करेंगे। सेवा तीर्थ में अब प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मंत्रिमंडल सचिवालय एक ही परिसर में काम करेंगे, जो पहले अलग-अलग जगहों पर थे। वहीं कर्तव्य भवन-1 और 2 में कई प्रमुख मंत्रालयों के नए दफ्तर शुरू हो रहे हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है।

प्रशिक्षण सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में जनगणना-2027 पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी कलेक्टर, संभागीय आयुक्त और नगर निगम कमिश्नर इस प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में अधिकारियों को एक मई से शुरू होने वाली मकानों की डिजिटल गणना करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है। यह प्रशिक्षण जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारी के लिए आयोजित किया गया है।+

नोहलेश्वर महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दमोह जिले के नोहटा में आयोजित दस दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। यह महोत्सव ऐतिहासिक नोहलेश्वर मंदिर परिसर में हो रहा है। अब से कुछ देर बाद मुख्यमंत्री बागेश्वर धाम में आयोजित गरीब परिवारों की 301 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में भी शामिल होंगे। इसके बाद देर शाम डॉ. यादव भोपाल स्थित भारत भवन में 44वीं वर्षगांठ समारोह का शुभारंभ करेंगे।

जन आक्रोश रैली

शहडोल में आज कांग्रेस 'जन आक्रोश रैली' कर रही है, जिसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी करेंगे। रैली में दूषित पेयजल, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और अवैध रेत उत्खनन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा। रैली के बाद दोपहर तीन बजे जीतू पटवारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की रणनीति बताएंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

लाड़ली बहना योजना- किश्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 33वीं किश्त जारी करेंगे। वे सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थी महिलाओं के खातों में फरवरी माह की राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्थल का निरीक्षण कर पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग और चिकित्सा सुविधा के इंतजाम देखने के निर्देश दिए हैं।

टीकाकरण

भोपाल में आज से हज यात्रियों का टीकाकरण शुरू हो गया है। यह व्यवस्था 17 फरवरी तक सिंगारचोली स्थित मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के हज हाउस में रहेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम रोज सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण करेगी। हज यात्रियों को मेनिनजाइटिस और पोलियो के टीके लगाए जा रहे हैं, जबकि 60 साल से अधिक उम्र वालों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी दिया जा रहा है।

कार्यशाला

जबलपुर के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय में आज “संहिता आधारित नैदानिक दृष्टिकोण” विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हो रही है। इसमें देश के कई प्रतिष्ठित आयुर्वेद विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

फूड फेस्टिवल

मंडला में आज से दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल शुरू हो रहा है। स्थानीय पुलिस ग्राउंड में शाम 4 बजे इस “श्री अन्न महाकुंभ” का शुभारंभ होगा। आयोजन का मकसद लोगों को मोटे अनाज यानी श्रीअन्न के फायदे बताना और उनके इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

शूटिंग चैंपियनशिप

राज्य के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने नई दिल्ली में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन फाइनल में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं प्रदेश के ही पैरा तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया ने न्यूज़ीलैंड के कुक स्ट्रेट को पार कर इतिहास रचने का काम किया।

क्रिकेट

आईसीसी टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 170 रन का लक्ष्य रखा है। कोलंबो में खेले जा रहे इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में दो विकेट पर 169 रन बनाए। आज दोपहर तीन बजे अरुण जेटली स्टेडियम में कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मैच खेला जाएगा।

मौसम

राज्य में अब सर्दी की विदाई के संकेत दिखने लगे हैं। प्रदेश के 15 से ज्यादा शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।

समाचार संक्षेप :-

- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगरमालवा में कल आयोजित निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर में 50 छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए।